बिहार लोक सेवा आयोग, पटना
15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800001

आवश्यक सूचना

60वीं से 62वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा हेतु दिनांक 15.09.2016 को आयोग द्वारा विज्ञापन प्रकाशित करते हुए दिनांक 03.11.2016 तक अंतिम रूप से ऑनलाईन आवेदन पत्र समर्पित करने की तिथि निर्धारित की गई थी। पुनः इसे अंतिम रूप से विस्तारित करते हुए दिनांक 05.12.2016 तक इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र समर्पित करने की तिथि निर्धारित की गई थी।

कतिपय अभ्यर्थियों के द्वारा Registration एवं Bank challan जमा करने के बाद अंतिम रूप से अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र समर्पित नहीं किया गया, जिसके फलस्वरूप वैसे उम्मीदवारों का प्रवेश पत्र (Admit Card) डाउनलोड नहीं हो सका। वैसे कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में CWJC No. 1779/2017, Nishant Kumar & others with I.A. No. 794/2017, Ranjit Kumar & Others Vs The State of Bihar & others with CWJC No. 2131/2017, Kumari Pushpanjali Bala Vs The State of Bihar & others, CWJC No. 2276/2017, Mayank Kumar Vs. The State of Bihar & others, CWJC No. 2279/2017, Kumar Satyam & Others Vs. The State of Bihar & others एवं CWJC No. 2281/2017, Prashant Kumar Yadav Vs. The State of Bihar & others दायर किये गये।

उपर्युक्त सभी वादों में माननीय उच्च न्यायालय पटना द्वारा क्रमशः दिनांक 09.02.2017 एवं 10.02.2017 को न्यायादेश पारित किया गया, जिसमें केवल याचिकाकर्त्ताओं को ही Admit Card निर्गत करते हुए परीक्षा में सम्मिलित करने का आदेश दिया गया है।

उक्त न्यायादेशों के आलोक में सभी याचिकाकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे न्यायादेश की प्रति के साथ दिनांक 11.02.2017 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से 13.30 बजे अपराह्न तक आयोग कार्यालय में अपने निबंधन संख्या का प्रिंट, बैंक चालान की मूल प्रति एवं चार प्रति में Passport Size में अद्यतन Photograph के साथ स्वयं उपस्थित होकर Admit Card प्राप्त करने की आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करें।

दिनांक 11.02.2017 के अपराह्न 13.30 बजे के बाद इस संबंध में कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा और इसके लिए संबंधित आवेदक (याचिकाकर्त्ता) जिम्मेवार होंगे। यह सुविधा मात्र उपर्युक्त संदर्भित वादों के याचिकाकर्त्ताओं को ही उपलब्ध है।

यह सूचना आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर भी उपलब्ध है।

10/2/17
सचिव,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना